
# १. आवश्यकता पर आधारित उपक्रम

## (१) संस्कृति और कार्यजगत की पहचान

### १.१ कक्षा का सुशोभन




### मेरी कृति

रंगोली

पत्तों की नक्काशी

- गुट बनाकर कार्य का वितरण करें। हर एक को कक्षा सुशोभित करने का अवसर दें।
- रिक्त स्थान पर रंगोली और पत्तों की नक्काशी बनाने के लिए कहें।

## १.२ विशेष दिवस




**एक, दो, तीन, चार, वृक्ष लगाएँ बहुत-बहुत**

**पाँच, छह, सात, आठ, धरती को बनाएँ हरित-हरित**

### मेरी कृति

| | | | |
|---|---|---|---|
| ११ अप्रैल महात्मा फुले जयंती | | २ अक्तूबर महात्मा गांधी जयंती | |
| ५ सितंबर शिक्षक दिवस | | १४ नवंबर बाल दिवस | |

- सामूहिक अथवा कक्षा के स्तर पर विशेष दिवस मनाए जाएँ।
- अपने विद्‍यालय में मनाए जानेवाले विशेष दिवस (नाम) रिक्त चौखट में लिखें।

## १.३ कार्यजगत




### मेरी कृति

**उपर्युक्त व्यवसाय के लिए लगने वाली सामग्री के चित्र बनाओ।**

- परिसर के लघु उद्योगों की पहचान करवा दें।

## १.४ परिसर में चलनेवाले उद्योगों का परिचय








- चित्र में दर्शाए गए उद्योगों की जानकारी दें। जैसे-हथकरघा, बिजली करघा, समाचारपत्र बिक्रेता, फल बिक्रेता, पापड़-अचार का व्यवसाय, फूलमाला बिक्रेता, मिट्टी काम, दर्जी काम, चाभी बनाने वाले आदि।

## (२) जल साक्षरता




### बारिश

सन सन सन सन हवा चली
झम झम झम झम बारिश हुई
    भीगे जंगल, भीगे पर्वत
    मोर पंख देखो अति सोहत
झम झम झम झम बारिश हुई
नदी–नालों में बाढ़ आई।
    आंगन बना ताल–तलैया
    कागज की नाव उसमें घुमैया
खुशी से बच्चे शोर मचैया
झम झम झम झम बारिश हुई

– उत्तम सदाकाल

- बारिश के समय कौन–कौन–सी घटनाएँ घटती हैं, इसका निरीक्षण करने के लिए कहें।
- निरीक्षण के अनुसार गीत की पंक्तियाँ बढ़ा सकते हैं।

## २.१ चित्रकथा/चित्रवाचन




## मेरी कृति


**रंग भरो**

# जल ही जीवन


- चित्र का वाचन करके पानी और उसके उपयोग के संदर्भ में जानकारी दें। पानी के संदर्भ में कोई कहानी सुनाएँ।

## २.२ जल संग्रहण







## मेरी कृति

**पानी लेने की पद्धति**





**योग्य कृति के लिए ✓ ऐसा चिह्न और अयोग्य कृति के लिए ✗ ऐसा चिह्न लगाओ।**


◆ जल संग्रहण किस प्रकार किया जाता है तथा पानी का योग्य उपयोग कैसे करें, इसकी जानकारी दें।

## ३. आपदा प्रबंधन

### प्राकृतिक गतिविधियाँ









### मेरी कृति

**भूमि, पानी, पर्वत, पेड़, पौधे, पशु–पक्षी, मनुष्य, सूर्य, चंद्रमा, सितारे, आकाश, रेगिस्तान में से किसी एक को चुनकर चित्र बनाओ और रँगो।**

◆ प्राकृतिक घटकों और गतिविधियों का परिचय करवा दें।

ZKMGQN